an>

Title: Need to provide railway facilities in Kalahandi Parliamentary Constituency, Odisha.

श्री बसंत कुमार पांडा (कालाहाण्डी): महोदय, मैं एक बहुत पिछड़े क्षेत्र कालाहाण्डी से आता हूँ । कालाहाण्डी में दो जिले पड़ते हैं और वे दोनों जिले माननीय मोदी जी की परिकल्पना के हिसाब से आकांक्षी जिले हैं । वहाँ चिकित्सा की कोई सुविधा नहीं है । राज्य सरकार ने दो बार पीपीपी मोड में मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए प्रयास किया, लेकिन संभव नहीं हो पाया । वहाँ से विशाखापट्नम और रायपुर आने-जाने के लिए सुविधा प्राप्त होनी चाहिए । मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि जूनागढ़ तक रेलवे लाइन पहुँची है, तो जूनागढ़ से विशाखापट्नम तक इंटरसिटी ट्रेन चलाई जाए । रूपरा रोड और नयापारा रोड में किसी एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज नहीं है । नयापारा रोड डिस्ट्रिक्ट हैडक्वॉर्टर का रेलवे स्टेशन है, वहाँ पर हर एक्सप्रेस ट्रेन के रुकने की व्यवस्था की जाए ।

मेरा एक छोटा सा निवेदन और है कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में बरगढ़ से बोरिगुमा, रेलवे लाइन में केसिंगा टाउन पड़ता है । वहाँ ओवरब्रिज की मंजूरी हो चुकी है । रायपुर से गोपालपुर का, एन.एच. में खरियार रोड में एक ओवरब्रिज मंजूर हो चुका है, लेकिन उसे बनने में देरी हो रही है, वहाँ रास्ता अच्छा नहीं है । चार साल से टेंडर हो चुका है, लेकिन वह बन नहीं पा रहा है ।

एक माननीय सदस्य बता चुके हैं कि किस प्रकार रास्ता नहीं बनने के कारण दुर्घटनाएं होती

हैं । लोग गड्ढ़े में गिरते हैं और मर जाते हैं । मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि वह इन चार कामों पर जल्दी से जल्दी ध्यान देकर इन्हें पूरा करे । धन्यवाद ।